卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 325 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦6 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## छोटे भाई को बचाने के लिए गुलदार से भिड़ा किशोर

### लाठी से गुलदार के सिर पर किये कई प्रहार,घायल अवस्था में बालक को छोड़कर भागा गुलदार

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्राम चोरपानी में सती कॉलोनी के समीप बगीचे के किनारे रहने वाले 9 वर्षीय बालक पर गुलदार ने अचानक हमला कर लिया। पास ही मौजूद बालक के बड़े भाई ने बहादुरी दिखाते हुए गुलदार पर डंडे से कई वार करके छोटे भाई को गुलदार के मुंह से छुड़ा लिया। किशोर की बहादुरी के चलते गुलदार बालक को छोड़कर मौके से भाग निकला। घायल बालक को राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार सती कालोनी के समीप बगीचे के किनारे परिवार के साथ रह रहा 9 वर्षीय जयवीर का परिवार



बगीचे में घास काटने के लिए गया था। घर में जयवीर और उसका बड़ा भाई 12 वर्षीय देव कुमार मौजूद थे। जयवीर जब घर के बाहर निकला तो झोपड़ी के बाहर चारपाई के पर बंधे उनके पालतू कुत्ते पर गुलदार ने हमला कर दिया। यह देखकर जयवीर गुलदार के चंगुल से कुत्ते को बचाने के लिए उसे खोलने का प्रयास करने लगा। तभी गुलदार ने जयवीर पर हमला कर दिया। जयवीर ने शोर मचाया तो घर में मौजूद उसका 12 वर्षीय भाई देव कुमार बाहर निकला उसने देखा कि गुलदार ने जयवीर के एक पैर को मुंह में दबा रखा था। देव कुमार ने हिम्मत दिखाते हुए डंडे से गुलदार के सिर पर कई वार कर दिये। देव कुमार की बहादुरी के चलते गुलदार उसके भाई को घायल अवस्था में छोड़कर बगीचे की ओर भाग गया। गुलदार के हमले में घायल जयवीर के हाथ और पैरों में नाखूनों से गहरे घाव बन गए। परिजन उसे उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल किशोर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरकार में सिर फुटव्वल चरम पर: हरीश रावत

रामनगर (उद संवाददाता)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शुक्रवार को रामनगर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा रुद्रप्रयाग में फेरी वालों के प्रवेश पर रोक लगाने के दिए गए आदेश पर बोलते हुए कहा कि सरकार के यह आदेश पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि यदि फेरी वाले गांव गोट में नहीं आएंगे तो यहां का कचरा



कैसे साफ होगा और लोगों के घरों में कचरा भर जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि कुछ लोग असामाजिक तत्व हो सकते हैं लेकिन हर फेरी वाला ऐसा नहीं हो सकता। सरकार को अपना निर्णय वापस लेना चाहिए। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## फंदे पर लटका मिला सिडकुल कर्मी

### दो दिन से था कमरा बंद पुलिस जांच में जुटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में फुटबाल मैदान के पास आवासीय कालोनी में अपने किराये के कमरे में सिडकुल कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से फांसी पर लटका पाया गया। मामलें की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वहां मौजूद लोगों से मृतक के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव करीब दो तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से रामपुर निवासी 32 वर्षीय राजेश सैनी पुत्र किशनराम पिछले करीब



तीन वर्षों से एल ब्लॉक ट्रांजिट कैम्प में दो मंजिल पर किरायेदार के रूप में रहकर सिडकुल की एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया जाता है कि उसका कमरा पिछले दो दिन से बंद था। न ही राजेश किसी को नजर आया था। शुक्रवार प्रात: पड़ोस के एक व्यक्ति ने राजेश के कमरे से खून बाहर निकलता देखा तो उसने भवन स्वामी को इसकी जानकारी दी। जब राजेश का कमरा खोला गया तो उसे फांसी पर लटका पाया गया और कमरे में खून बिखरा हुआ था। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वहां मौजूद लोगों से मृतक के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी ली और शव फंदे से उतार कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव से आ रही दुर्गंध से अनुमान लगाया जा रहा है कि शव करीब दो दिन पुराना है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। आगे की कार्रवाई परिजनों के आने के बाद की जायेगी।

## भाजपा ने हमेशा बंगाली समाज का किया अपमान: बेहड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जब जब केन्द्र या राज्य में भाजपा सत्ता में रही है पार्टी के नेताओं ने हमेशा बंगाली समाज का अपमान किया है। पत्रकारों से बातचीत करते किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि उत्तराखण्ड में बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिले इसके लिए भाजपा नेता इस समाज के प्रति आपत्तिजनक बयान देते



रहते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सत्र के दौरान आरक्षण को लेकर कांग्रेस विधायक सदन का बष्किार कर रहे थे इसी दौरान भाजपा के विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने पार्टी की नीति के तहत बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा न मिले इसको लेकर वक्तव्य दिया था। जबकि उनके पास ही जनपद के विधायक अरविन्द पाण्डेय, शिव अरोरा व मंत्री सौरभ बहुगुणा बैठे हुए थे लेकिन किसी ने भी उन्हें इस बात के लिए नहीं टोका। श्री बेहड़ ने कहा कि स्थानीय विधायक के माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। सारी भाजपा सरकार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधायक चौहान को सार्वजनिक रूप से बंगाली समाज से माफी मांगनी होगी। उन्होंने कहा कि आजादी के संघर्ष में बंगाली समाज का योगदान कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है। पूर्व में भी भाजपा के कई नेता आजादी के समय यहां आये लोगों को बाहरी कहकर उनका अपमान कर रहे हैं। यह मामला वह विधान सभा के आगामी सत्र में उठायेंगे। पूर्व विधायक प्रेमानन्द महाजन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल(शेष पृष्ठ सात पर)

## सीईओ कार्यालय में गरजे आक्रोशित शिक्षक

### प्रधानाचार्य पद पर सीधी भर्ती परीक्षा का किया विरोध

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन व विभाग द्वारा प्रधानाचार्य पद हेतु जो कि प्रमोशन का पद है, पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित की जा रही परीक्षा को निरस्त करने की मांग को लेकर आज राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आह्वान पर राजकीय शिक्षक संघ जनपद उधम सिंह नगर के समस्त सदस्यों द्वारा मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शासन व विभाग की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध एक



दिवसीय धरना जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के निर्देशन में किया गया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते वक्ताओं ने कहा कि यदि शासन व विभाग द्वारा उक्त परीक्षा निरस्त नही की जाती है तो आगामी 9 सितम्बर से प्रान्त स्तर पर क्रमिक व दिनांक 14 सितम्बर से आमरण अनशन प्रारम्भ किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन व विभाग की होगी। धरने में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, मण्डलीय अध्यक्ष गोकुल मर्तोलिया, जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, जिला मंत्री अनंत चौहान, जिला कार्यकारणी से श्रीमती कुंती यादव, श्रीमती जानकी अधिकारी, श्रीमती ममता शर्मा, छत्रपाल सिंह, कृष्ण मोहन तिवारी, विकास पांडेय, रमेश चंद्र, भरत सिंह प्रांतीय सदस्य, अशोक चहर, प्रांतीय प्रवक्ता विमल चौहान, जनपद के ब्लॉकों से कौशल चौधरी, पंकज अग्रवाल, राकेश यादव, श्री मति जमुना पटवाल, वीरेंद्र चौहान, शर्मेन्द्र सिंह, वंशीधर पांडेय, मनोज राय, इस्तेफाक अंसारी, हरिशंकर याज्ञीक, गिरीश राय, मनोज गुणवंत, कैलाश सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव तथा जनपद के समस्त शिक्षक सदस्यगण उपस्थित रहे।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने झोंक दिया फायर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास कालोनी में युवतियों से छेड़छाड़ करने से मना करने पर कुछ दबंगों ने एक व्यक्ति को जान से मारने की नीयत से उस पर फायर झोंक दिया और धारदार हथियार फेंका। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में आवास विकास निवासी अरूण अरोड़ा पुत्र स्व. वेद प्रकाश अरोड़ा ने कहा है कि उसके घर के पास कुछ अपराधिक किस्म के लडके पिछले एक डेढ वर्ष से चक्कर लगाते है व वहां से आने जाने वाली लड़कियों को फब्तियां कस छेड़खानी करते है। उसने उन सभी लड़कों को डाटा गया व लगभग डेढ वर्ष पूर्व पुलिस से शिकायत भी करी थी। आवास विकास पुलिस चौकी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त लोगों को चौकी बुलाया गया तो उक्त लोगों के माफी मांगने पर मामले का निपटारा आपसी सहमति से हो गया। तब से उसमें से एक आकाश विर्क व उसके साथी प्रार्थी से रंजिश रखने लगे। 2 सितम्बर को चार साहबजादे (शेष पृष्ठ 7 पर)

## भारी मात्रा में नशे के कैप्सूलों सहित एक दबोचा

काशीपुर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे 'नशामुक्त जनपद ऊधमसिंह नगर'अभियान के तहत आईटीआई



पुलिस ने एक तस्कर को भारी मात्रा में नशे के कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया है। थाना आईटीआई के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने खड़कपुर देवीपुरा स्थित कृष्णा मेडिकोज में मुखबिर की सूचना पर रोहित कुमार पुत्र नन्हे सिंह निवासी अलीगंज रोड गिन्नीखेड़ा थाना आईटीआई के कब्जे से एक पिट्ठू बैग के अन्दर नशे के प्रतिबंधित स्पासप्रोक्स के 13 पैकेट कुल 3120 कैप्सूल एवं टाईक्लोमाइन हाइड्रोक्लोराइड के 11 पैकेटों में 2200 कैप्सूल(शेष पृष्ठ सात पर)

## उपचार में लापरवाही से बालिका की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजपुर के एक निजी चिकित्सालय में उपचार कराने के बाद हालत बिगड़ने पर ऋषिकेश एम्स में भर्ती बालिका की मौत हो गई। परिजनों ने बाजपुर के चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव अपने कजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। दूधिया नगर निवासी मृतका बालिका 13 वर्षीय कलावती के पिता चन्द्रपाल ने बताया कि उसकी पुत्री कलावती के पेट में दर्द की शिकायत होने पर उसे 27 अगस्त को बाजपुर के निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां जांच के बाद 28 अगस्त को पित्त की थैली में पथरी निकालने का आपरेशन हुआ। इसके कुछ देर बाद पुत्री की हालत बिगड़ गई। जिस पर निजी चिकित्सालय के चिकित्सक ने उन्हें एम्स ऋषिकेश ले जाने की सलाह देते हुए कहा कि उपचार का सारा खर्चा वह उठायेंगे। साथ ही चिकित्सालय का एक कर्मी भी उनके साथ जायेगा। उन्होंने बताया कि एम्स ले जाते समय मार्ग में कलावती की हालत तेजी से बिगड़ गई तो उसे मुरादाबाद में निजी चिकित्सालय ले (शेष पृष्ठ सात पर)

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल
कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाईटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी
के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स,
कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर
तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रुद्रपुर

# कृमि मुक्ति दिवस को लेकर डीएम ने ली बैठक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने 10 सितम्बर, 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्था, मदरसों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में शतप्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाये, उन्होंने निर्देश दिये कि एक भी बच्चा दवाई खाने से छूटे ना। उन्होंने निर्देश दिये कि महाविद्यालयों, तकनीकि शिक्षण संस्थानों के साथ ही पैरामेडिकल कॉलेजों में भी 19 वर्ष तक की आयु वर्ग के विद्यार्थियों को चिन्हित करते हुए दवाई खिलाई जाये। उन्होंने स्कूल न जाने वाले सभी बालक, बालिकाओं, श्रमिक के बच्चों एवं घुमन्तू बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के माध्यम से कृमि नाशक दवा एल्बेंण्डाजॉल खिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कृमि मुक्ति दिवस पर दवाई खाने से वंचित बच्चों को 18 व 19 सितम्बर को मॉप-अप दिवसो पर दवाई खिलाई जाय। उन्होने ग्राम प्रधानो अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिशासी अधिकारी, उप जिलाधिकारियों से सहयोग हेतु पत्राचार करने व वैनर, पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी करने के निर्देश दिये। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दवाई समय से पहुँचाई जाय। उन्होंने सभी विद्यालयों, मदरसों के शिक्षकों, आंगनबाड़ी केन्द्रों के कार्यकत्रियों को दवाई खिलाने के तरीके एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 राजेश आर्य ने बताया कि जनपद में 01 से 19 वर्ष तक के 623263 बच्चों को दवाई खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोंस टीम में डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर डॉ.हरेन्द्र मलिक, डॉ0 एसपी सिंह व डॉ0 राजेश आर्या को रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही 8 ब्लॉक स्तरीय इमर्जेन्सी रेस्पोन्स टीमे भी बनाई गई हैं। डॉ0 आर्य ने बताया कि 1 से 2 साल तक बच्चों को आधी टेबलेट चम्मच में घोलकर तथा 03 साल तक के बच्चों को पूरी टेबलेट पानी में घोलकर पिलाई जायेंगी। उन्होंने बताया कि 3 से 19 वर्ष से बच्चों को पूरी गोली चबा-चबा कर खिलाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 01 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़कों एवं लड़कियों) को ऑत के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है। उन्होंने बताया कि कृमि मनुष्य की आन्त में रहकर, मानव शरीर ऊतकों से जरूरी पोषक तत्वों को खाते हैं, जिससे बच्चों में कुपोषण एवं खून की कमी होने लगती है तथा बच्चों की कार्य क्षमता घटने लगती है। उन्होंने बताया कि तीव्र संक्रमण के कारण बच्चे थके हुए एवं अकसर बीमार रहने लगते हैं। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 मनोज शर्मा, एसीएमओ डॉ0 एसपी सिंह, डॉ0 राजेश आर्य, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसो0 एनएस धारीवाल, अध्यक्ष यूके बोर्ड रामप्रकाश गुप्ता, सीडीपीओ आशा नेगी, हेमा काण्डपाल, मनोज सिंह, हिमांशु मशूनी, चॉद मियां, पंकज गुसाई, जावेद अहमद, मनोज सिंह सहित जनपद के एमओआईसी एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारी वर्चुअल के माध्यम से जुड़े।



# पत्रकार योगेश डिमरी को ईलाज पूर्ण होने तक भर्ती रखा जाएगा : अग्रवाल

ऋषिकेश। ऋषिकेश में शराब माफिया की मारपीट में घायल पत्रकार के स्वास्थ्य की जानकारी लेने कैबिनेट मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने गुरूवार देर सायं एम्स ऋषिकेश पहुंचकर वहां भर्ती पत्रकार योगेश डिमरी की कुशलक्षेम पूछी। जानकारी के अनुसार श्री डिमरी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कुशल डॉक्टरों की निगरानी में उनका अच्छे से उपचार किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने एम्स प्रशासन को घायल पत्रकार योगेश डिमरी को समुचित उपचार देने के निर्देश दिये है। एम्स ऋषिकेश में भर्ती पत्रकार योगेश डिमरी का क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने स्वास्थ्य का हाल जाना। इस दौरान पत्रकार की माता ने एम्स में समुचित उपचार तथा ईलाज पूर्ण होने तक भर्ती रखने के लिए कहा है। जिस पर डा. अग्रवाल ने तत्काल एम्स निदेशक डा. मीनू सिंह को दूरभाष पर संपर्क किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार योगेश डिमरी को ईलाज पूर्ण होने तक यहां भर्ती रखा जाए। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाए। वहीं घायल पत्रकार योगेश की मां ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल से बेटे को न्याय दिलाने की भी गुहार लगाई है। इस दौरान उन्होंने मारपीट की घटना में बुरी तरह से चोटिल डिमरी और उनके परिजनों को आश्वस्त किया कि अन्य दोषी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।



# उत्तराखंड में तो हमेशा ही भूचाल का खतरा : त्रिवेंद्र

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र ने कहा: भ्रष्टाचार और दुष्कर्म के आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करे सरकार

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार के सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के बयान पर चुटकी ली कि भूकंप के लिहाज से देहरादून जोन फाइव में है और यहां हमेशा ही भूचाल का खतरा रहता है। त्रिवेंद्र मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने हरक सिंह के उस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी जिसमें उन्होंने उनका मुंह खुलवाने पर उत्तराखंड ही नहीं देश भर में भूचाल आने की बात कही थी। इस सवाल पर त्रिवेंद्र ने चुटीले अंदाज में जवाब दिया कि पूरा उत्तराखंड भूकंप जोन में है। हरक से जलने से जुड़े सवाल पर त्रिवेंद्र ने कहा कि मुझे नहीं पता कि मैं उनसे जलता था। मैं आपके सामने पूरा खड़ा हूं और उस समय के मुकाबले मेरा वजन भी चार- पांच किलो बढ़ गया है। दुष्कर्म करने वालों पर सख्त कार्रवाई का समर्थन करते हुए त्रिवेंद्र ने कहा कि ऐसे लोगों से उनका परिवार भी सुरक्षित नहीं रह सकता। ऐसे लोग समाज के लिए कोढ़ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी की विजिलेंस जांच को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में त्रिवेंद्र रावत ने कहा कि सरकार इस संदर्भ में उचित निर्णय लेगी। राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर त्रिवेंद्र ने कहा कि कोई भी राज्य बिना कानून व्यवस्था के नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर चौबीस घंटे फोकस होना चाहिए। अपराधियों को वारदात से पहले पकड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार- ऋषिकेश में शराब बिक्री पर प्रतिबंध है इसलिए वहां पर पुलिस को अपनी निगाहें पैनी करनी चाहिए।



# जनसमस्याओं का निराकरण प्राथमिकता: कर्मेन्द्र सिंह

हरिद्वार(उद संवाददाता)। नवागन्तुक जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने गुरूवार को जिला कार्यालय स्थित ट्रेजरी पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर किया तथा गार्ड ऑफ ऑनर लिया। जिलाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कहा कि जिले के चंहुमुखी विकास के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि पहली प्राथमिकता है कि जन समस्याओं को सुनकर उनका समयबद्धता से निस्तारण करना तथा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना है, दूसरी प्राथमिकता है कि रोजगारपरक योजनाओं तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को निष्पक्षता, पारदर्शिता, समयबद्धता से क्रियान्वयन कराते हुए पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है, तीसरी प्राथमिकता है कि जनपद मे शांति एवं कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रहे ताकि स्थानीय निवासियों के साथ ही जनपद मे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो। इसके पश्चात जिलाधिकारी हरकी पौड़ी पहुॅचकर गंगा आरती में शामिल हुए।जनपद आगमन पर अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष सिंह, जितेन्द्र सिंह, लक्ष्मीराज चौहान, अजयवीर सिंह, युक्ता मिश्रा, गोपाल सिंह चौहान, परियोजना निदेशक केएन तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने डीएम से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों से जनपद में चल रहे विकास कार्यों, जन समस्याओं आदि की विस्तार से जानकारी ली।



# विधानसभा सचिवालय ने विधायी को भेजे सात विधेयक

देहरादून। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में मानसून सत्र में पारित सात विधेयक विधानसभा सचिवालय ने विधायी को भेज दिए हैं। विधायी के माध्यम से ये राजभवन भेजे जाएंगे। इनमें विधायकों के वेतन-भत्ते बढ़ाने का विधेयक भी शामिल है। जबकि नगर निगम संशोधन विधेयक व उत्तराखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक के लिए प्रवर समिति गठित करने की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की अनुमति पर समिति के अध्यक्ष व सदस्य नामित किए जाएंगे। विधानसभा में पारित उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916) संशोधन विधेयक, उत्तराखंड लोक तथा निजी संपत्ति क्षति वसूली विधेयक, उत्तराखंड राज्य विधानसभा विविध संशोधन विधेयक, उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950) संशोधन विधेयक, उत्तराखंड राज्य क्रीड़ा विश्वविद्यालय विधेयक, उत्तराखंड कामगार और सुधारात्मक सेवाएं विधेयक, उत्तराखंड विनियोग विधेयक को परीक्षण के बाद विधायी को भेजा गया। शासन के माध्यम से इन विधेयकों को राज्यपाल की मंजूरी के लिए राजभवन भेजा जाएगा। राजभवन की मुहर लगने के बाद विधेयक एक्ट बनेंगे।

# आरएसएस की शाखाओं में शामिल हो सकेंगे उत्तराखंड के सरकारी कर्मचारी, प्रतिबंध हटाने का आदेश

देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ या आरएसएस की शाखाओं में सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने संबंधी प्रतिबंध अब उत्तराखंड में हटा दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के जारी होने के बाद राज्य के सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की शाखाओं में शामिल होने पर अब कोई रोक नहीं रह गयी है। राज्य के अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन के दफ्तर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि किसी भी राजकीय कार्मिक द्वारा आरएसएस की शाखा और अन्य सांस्कृतिक या सामाजिक गतिविधियों में शामिल होने को उत्तराखंड राज्य कर्मचारियों की आचरण नियमावली का उल्लंघन नहीं माना जाएगा। इस आदेश के जारी होने के बाद अब सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की शाखाओं में शामिल होने का रास्ता खुल गया है। आपको बता दें कि हाल ही में केंद्र सरकार ने आरएसएस की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को 58 साल बाद हटा दिया था। हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्य सरकारें सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस से जुड़े होने पर प्रतिबंध को पहले ही हटा चुकी हैं।

# लाभार्थियों का किया टीकाकरण,दवाईयां भी बांटी

बाजपुर(उद संवाददाता)। गुरूवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पी एम जन मन) के तहत विकासखंड बाजपुर के ग्राम पंचायत केलाबंदवारी एवं ग्राम पंचायत खम्बारी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 लोगों का एन. सी डी. स्क्रीनिंग किया गया एवं 20 लाभार्थियों का टीकाकरण व दवाईयां वितरण किया गयी। इसके आलावा शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों ने सूक्ष्म पोषक तत्व, टपक सिंचाई, कस्टम हायरिंग सेंटर सहित विभिन्न कृषि योजनाओ की जानकारी दी गयी, साथ ही ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं परियोजना, जल निगम आदि से सम्बंधित अधिकारीगण एवं उनकी टीम सहित ग्राम प्रधान केलाबंदवारी एवं ग्राम प्रधान खम्बारी, ग्राम विकास अधिकारी (केलाबंदवारी, खम्बारी) उपस्थित रहे. बहुउद्देशीय शिविर में उपस्थित 7 विभाग के अधिकारीयों/ कर्मचारियों एंव क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्षेत्र की जनता द्वारा की गयी विभन्न शिकायतों का निराकरण एंव जन प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये क्षेत्र के विकास हेतु विभन्न प्रस्तावों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराये गए।



# सिक्स सिगमा में हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ फार्मेसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस कार्यक्रम मनाया गया। फार्मेसी, बी.बी.ए., बीएससी (कृषि), बी.सी.ए., इंजीनियरिंग, नर्सिंग से जुड़े छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस जैसे अमूल्य कार्यक्रम में अपनी प्रतिभागिता दी । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्थान की निर्देशिका डॉ सीमा अरोरा थी द्य इस शिक्षक दिवस के कार्यक्रम के अवसर में डॉक्टर सीमा अरोड़ा ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन इसलिए भी खास है इस दिन देश के राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती भी है। वह चाहते थे कि उनका जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए द्य तत्पश्चात कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं कॉलेज ऑफ फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनुभव बाठला ने संस्थान के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दी। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डाबर, शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. विजय सिंह, कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, सी.ए.ओ. श्री अनुभव बाठला ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रदान की।



# सर्विस रोड पर बैरिकेटिंग लगाने से भड़के किसान

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर बाईपास से दिनेशपुर एवं चीनी मिल को निकलने वाली सर्विस रोड पर बड़े वाहनों के लिए रोक लगाते हुए बैरिकेटिंग लगा दी है। इसके विरोध में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था यहां से किसानों की ट्रैक्टर ट्राली अनाज मंडी के लिए जाती है इसे तुरन्त खोला जाये। वहीं संबंधित विभाग ने रोक लगाते हुए साईन बोर्ड लगा रखा है कि भारी वाहनों के लिए रोक लगायी गयी है जिससे सर्विस रोड टूट जाती है। शुक्रवार को भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष सलविन्दर सिंह कलसी एवं वरिष्ठ किसान नेता सुभाष बेहड़ के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान बाईपास की चीनी मिल को जाने वाली सर्विस रोड पर एकत्र हुए। यहां पर उन्होंने एनएचआई एवं कार्यदायी संस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सलविन्दर सिंह कलसी ने कहा कि सर्विस रोड को भारी वाहनों के नाम से जो बंद किया गया है वह



गलत है। यहां से किसानों की ट्रेक्टर ट्राली अनाज मंडी के लिए आती जाती रहती हैं मात्र करीब एक किलोमीटर मार्ग बंद किये जाने किसानों के वाहनों को काफी घूमकर आना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इसे शीघ्र नही खोला गया तो किसानों को मजबूरन इसे हटाना पड़ेगा। वहीं किसान नेता सुभाष बेहड़ ने कहा कि एनएचआई एवं कार्यदायी संस्था ने बड़े वाहनों के नाम से जो रोक लगायी गयी है वह सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि इसका किसान एवं आम जनता को काफी परेशान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इस मार्ग से बैरिकेटिंग नहीं हटायी गयी तो मजबूरन होकर किसानों स्वयं ही हटाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि कार्यदायी संस्था को इस बात का भय है तो वह मार्ग का चौड़ीकरण कर सड़क को मजबूत बनाये। जिससे सभी प्रकार के वाहन गुजर सके। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, विक्रमजीत सिंह, कर्ण सिंह, प्रीत सिंह, हरजिन्दर कम्बोज, राजकुमार कम्बोज, सतनाम कम्बोज, देवेन्द्र पाल, धर्मपाल कम्बोज, श्याम सिंह कम्बोज, नन्द गोपाल, राजेन्द्र कम्बोज, सविन्दर सिंह, भूवान सिंह, देवराज, अमन बठला, सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

# अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मौर्य क्रिकेट अकादमी गदरपुर के क्रिकेट मैदान में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मौर्य क्रिकेट अकादमी के प्रबंधक आनंद मौर्य द्वारा फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के उद्घाटन किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड सितारगंज, रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर और



जसपुर की टीम में प्रतिभाग किया। पहला मुकाबला सितारगंज और बाजपुर के मध्य खेला गया। सितारगंज ने पहले खेलते हुए 12 ओवरों मे 117 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछे करने उतरी बाजपुर की पूरी टीम 62 रनों पर ऑल आउट हो गई।मैच के अंपायर विनय कुमार और उज्जवल गुप्ता स्कोरिंग की भूमिका दिनेश पांडे रहे। इस अवसर पर जिला खेल समन्वयक (माध्यमिक) लक्ष्मण सिंह टाकुली, जिला खेल सावन में बेसिक राजेंद्र सिंह भाकुनी, ब्लॉक खेल समन्वयक गदरपुर नूर आलम, ब्लॉक खेल समन्वयक (माध्यमिक) डीपीसिंह, चिदंबरम जोशी मौजूद रहे।

# लोटस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर के सुनहरी वार्ड स्थित लोटस पब्लिक स्कूल में भी शिक्षक दिवस की धूम मची रही। प्रधानाध्यापिका रेहाना अंसारी ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ राधाकृष्णन सर्वपल्ली के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनकी जीवनी के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रथम कड़ीशिक्षक है,शिक्षक द्वारा ही समाज में नेता, अभिनेता,चिकित्सक, इंजीनियर, शिक्षक, समाज सेवक बनाकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर मार्गदर्शन किया जाता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंतनगर विश्वविद्यालय की प्रोफेसर शशि श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ संगीता शर्मा एवं मोबिना अंसारी ने बच्चों को संबोधित किया। विद्यालय के प्रबंधक फारूक अहमद एवं प्रधान अध्यापिका रेहाना अंसारी ने अतिथियों एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अनीता गंगवार, रिम्पा गाबा, भारती देवी, संगीता सिंह, बीना सक्सेना, नाजिया खान, प्रियंका गंगवार, निधि सक्सेना, शाहाना अंसारी, हसीन बानो, हीरा, आमिर अहमद फरहीन आदि मौजूद रहे।



# दिनेशपुर के प्रधानाचार्य को किया सम्मानित

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। राजभवन में आयोजित सम्मान समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने दिनेशपुर के अटल उत्कृष्ट स्व चित्तरंजन राहा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मधुसूदन मिश्र समेत अन्य चयनित शिक्षक- शिक्षिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैलेश मटियानी पुरस्कार के तहत मिलने वाली धनराशि को दस हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये किए जाने की घोषणा की। मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधई एवं दी। राज्यपाल ने कहा गुरु का स्थान सबसे ऊपर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन शिक्षकों के प्रति आदर सम्मान प्रकट करने का दिन है।आज के दिन सम्मानित हो रहे शिक्षकों ने समाज में ज्ञान का संचार एवं अपने अनुभव और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के जीवन को आकार देने का कार्य किया है। भारतीय संस्कृति में गुरु का सर्वोच्च स्थान होता है। शिक्षक हर स्थिति में अपने विद्यार्थी को मार्गदर्शन देने का कार्य करता है। गुरु ही अपने प्रकाश से अंधकार की अज्ञानता को दूर करता है। वही दिनेशपुर के प्रधनाचार्य को सम्मान मिलने पर क्षेत्र में तमाम शिक्षकों ने उनको शुभकामनाएं दीं। विधायक अरविंद पाण्डेय तथा दिनेशपुर निवर्तमान नगरपंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार तथा शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारियों ने भी उन्हें फोन से शुभकामनाएं दीं।



# टाटा मोटर्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद् विवेकानन्द शाखा रुद्रपुर द्वारा टाटा मोटर्स में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें टाटा मोटर्स के कर्मियों द्वारा 205 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन टाटा मोटर्स के प्लांट हेड महेश सुगुरु, एच आर हैड विष्णुदत्त, डॉ प्रशान्त भारद्वाज, डॉ अरुण वर्मा, भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय राधु, रुद्रपुर ब्लड बैंक के डॉ अभिषेक चौधरी द्वारा भारत माता एवम स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि परिषद द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में लगातार सेवा कार्य किए जाते हैं, उन्हीं की श्रृंखला में आज इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन टाटा मोटर्स के सहयोग से उनके परिसर में किया जा रहा है। शाखा सचिव अक्षय गहलौत ने शिविर आयोजन के संबंध में बताया कि ब्लड बैंक से रक्त की मांग आने पर विवेकानन्द शाखा द्वारा सिडकुल स्थित कंपनियों से संपर्क किया गया तथा टाटा मोटर्स द्वारा सहमति प्राप्त होने पर इस शिविर का आयोजन आज किया जा रहा है, इस शिविर में राजकीय ब्लड बैंक रुद्रपुर तथा सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय हल्द्वानी की टीमें रक्तदान हेतु सहयोग कर रही हैं। टाटा मोटर्स कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त 205 यूनिट रक्त में से 109 यूनिट रक्त रुद्रपुर एवं 96 यूनिट रक्त हल्द्वानी ब्लड बैंक को दिया गया है। विवेकानन्द शाखा के रक्तदान संयोजक शीशपाल सिंह ने इस शिविर के आयोजन में सहयोग हेतु टाटा मोटर्स के समस्त प्रबंधन एवं कर्मचारियों तथा राजकीय ब्लड बैंक रुद्रपुर तथा सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय की टीमों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की। शिविर में रुद्रपुर ब्लड बैंक के जितेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, सतीश कुमार, हल्द्वानी ब्लड बैंक की डॉ स्मिता धर्मसत्तू, सरिता रावत, गिरिश मोनी तथा भारत विकास परिषद के सदस्य आदित्य गौतम, डॉ पवन कक्कड़, शुभम तुलस्यान, लक्ष्य अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि




समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# गुरूजनों को किया सम्मानित

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने गुरु मान सिंह,पीताम्बर दत्त तिवारी को उनके आवास पर सम्मानित किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। कुशल क्षेम जानी तथा शॉल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया। सभी गुरु जनों ने संजीव सिंह को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा यह भी कहा कि उनका आशीर्वाद हमेशा सभी शिष्यों पर बना रहे। इस अवसर



पर संजीव सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज आधार स्तंभ होते हैं। उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही एक सुरक्षित और प्रगतिशील समाज का निर्माण किया जा सकता है। शिक्षक ही पूरे संसार के मार्गदर्शक है जिसने भी अपने गुरु जनों की आज्ञा का पालन नहीं किया। वह निश्चित तौर पर प्रगति के पथ पर आगे नहीं बढ़ पाया है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरुजनों का आदर करते हुए तथा समय-समय पर उनकी सेवा करते रहना ही चाहिए। इस अवसर पर धनंजय सिंह, विशाल चौहान, नवीन सिंह, मुकेश कोली, अभिनव, कमलेश आदि लोग उपस्थित रहे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (उधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# शिक्षा के क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी को अपनाना जरूरी : राज्यपाल

## प्रदेश के 19 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से किया सम्मानित



देहरादून(उद संवाददाता)। ''शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार'' सम्मान समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वर्ष 2023 में शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कारों के लिए चयनित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित सम्मान समारोह में वर्ष 2023 के लिए चयनित 19 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों एवं दुर्गम क्षेत्रों में विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षक वास्तव सम्मान के अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि ''मैं शिक्षा के क्षेत्र में आपकी सेवाओं और प्रतिबद्धता के लिए प्रदेशवासियों की ओर से आपका आभार व्यक्त करता हूँ''। राज्यपाल ने कहा कि गुरु का स्थान सबसे ऊपर है। राज्य शैक्षिक पुरस्कार से चयनित उत्कृष्ट शिक्षक अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज के दिन, विशेष रूप से, हर व्यक्ति को अपने विद्यार्थी जीवन की अवश्य ही याद आती है और अपने शिक्षक भी याद आते हैं। अपने गुरुओं को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गुरुओं द्वारा दिया गया ज्ञान आज भी मार्गदर्शन और प्रेरणा देता है। राज्यपाल ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विश्व गुरु और विकसित भारत बनाने की दिशा में शिक्षकों की अहम भूमिका होगी। शिक्षकों से कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास का दायित्व आप सभी के कंधों पर ही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापरक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के साथ ही नवीन टेक्नोलॉजी को अपनाना जरूरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन शिक्षकों के प्रति आदर सम्मान प्रकट करने का दिन है। आज के दिन सम्मानित हो रहे शिक्षकों ने समाज में ज्ञान का संचार एवं अपने अनुभव और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों के जीवन को आकार देने का कार्य किया है। भारतीय संस्कृति में गुरु का सर्वोच्च स्थान होता है। शिक्षक हर स्थिति में अपने विद्यार्थी को मार्गदर्शन देने का कार्य करता है। गुरु ही अपने प्रकाश से अंधकार की अज्ञानता को दूर करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन इतिहास में गुरु शिष्य परंपरा का उल्लेख मिलता है। शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षक अन्य लोगों को भी प्रेरणा देंगे एवं समाज के लिए रोल मॉडल हैं। गुरु का कार्य शिक्षा देने के साथ ही अपने शिष्य के व्यक्तित्व का निर्माण, अनुशासन एवं समाज के प्रति भावनाओं को जागृत करना भी है। वर्तमान समय में नैतिक शिक्षा की आवश्यकता है। धीरे-धीरे समाप्त हो रहे मूल्यों को पुनः जागृत करने का जिम्मा भी गुरुओं का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में शिक्षकों की भूमिका और बढ़ गई है। तकनीकी विकास और वैश्वीकरण के दौर में शिक्षक, छात्रों को संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा राज्य के विकास और नौनिहालों के भविष्य को बनाने में राज्य सरकार शिक्षकों की हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। राज्य में शिक्षकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के लिए विशेष योजनाएं शुरू की गई हैं। शिक्षकों को नवाचार से जोड़ने पर निरंतर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षक हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान भी शिक्षकों ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैलेश मटियानी पुरस्कार के तहत मिलने वाली धनराशि को दस हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये किए जाने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी के अथक प्रयासों से राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन ने सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया और सम्मान समारोह की विस्तृत जानकारी दी। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा बंशीधर तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार, अपर सचिव शिक्षा रंजना राजगुरु, शिक्षा विभाग के अन्य उच्च अधिकारीगण और पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# ईज ऑफ डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत मिला देश मे टॉप अचीवर्स श्रेणी का पुरस्कार

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामीने राज्य में ईज ऑफ डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित एकल खिड़की व्यवस्था को देश मे टॉप अचीवर्स श्रेणी का पुरस्कार प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। राज्य



को यह पुरस्कार वर्ष 2022-23 के लिये इस क्षेत्र में की गई पहल के लिए प्रदान किया गया है। यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आज सभी प्रदेशों के उद्योग मंत्रियों के साथ आयोजित उद्योग समागम कार्यक्रम में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, श्री पीयूष गोयल द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किये गये। राज्य की ओर से मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कैबिनेट मंत्री, श्री सुबोध उनियाल तथा सचिव उद्योग, श्री विनय शंकर पाण्डेय द्वारा यह पुरस्कार ग्रहण किया गया। राज्य में ईज ऑफ डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत निवेशकों के सम्मुख आने वाली विभिन्न समस्याओं की पहचान की जाती है। समस्याओं की पहचान कर उनके निराकरण हेतु अनुकूल नीतियां तैयार की जाती हैं। नीतियों के क्रियान्वयन तथा निवेशकों को समस्त प्रकार की स्वीकृतियां/ अनापत्तियां ऑनलाईन माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु www.investuttarakhand.uk.gov.in के नाम से पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल पर उद्यम स्थापना से संबंधित सभी जानकारियां, विधिक अनापत्तियों/ स्वीकृतियों की उद्योगवार सूचना उपलब्ध है। एकल खिड़की व्यवस्था के अंतर्गत निवेशकों को उद्योग स्थापना तथा संचालन से संबंधित स्वीकृतियां/ अनापत्तियां निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत उपलब्ध करायी जाती हैं। भारत सरकार द्वारा विकसित नेशनल सिंगल विण्डो सिस्टम के साथ इण्टीग्रेशन करने वाला उत्तराखण्ड प्रथम राज्य रहा है। पोर्टल पर उपलब्ध सूचनाओं, इसके अंतर्गत निर्धारित विधिक समय-सीमा, अन्य विभागों के साथ इण्टीग्रेशन, नेशनल सिंगल विण्डो के साथ इण्टीग्रेशन, शिकायतों का ऑनलाईन निस्तारण तथा समर्पित हेल्पलाईन विशिष्टताओं के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

# प्रदेशभर में सार्वजनिक और व्यावसायिक स्थलों व कैंपिंग स्थलों पर चलायें स्वच्छता सेवा अभियान

## सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच व सामाजिक सेवाओं से जोड़ें

देहरादून(उद संवाददाता)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रभावी व सफल संचालन के लिए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को प्रदेशभर में जनभागीदारी, जागरूकता, एडवोकेसी के साथ सार्वजनिक व व्यावसायिक स्थलों, कार्यालयों, संस्थानों, सड़कों, राजमार्गों, बाजारों, ट्रैकिंग व कैंपिंग स्थलों व अन्य पर्यटन व धार्मिक स्थलों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच व सामाजिक सुरक्षा कवरेज हेतु सिंगल विंडो कैम्प लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अभियान में स्वयं सहायता समूहों व एनजीओ की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चारधाम मार्गों में मलबे की समस्या के समाधान के लिए सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने चारधाम रूट पर डंपिंग जोन हेतु उचित स्थानों के चिन्हीकरण के निर्देश दिए हैं। इसके



साथ ही मुख्य सचिव ने सचिव पेयजल व जिलाधिकारियों को सभी एसटीपी के निरीक्षण व जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसटीपी को ड्रेनेज सिस्टम सेजोड़ने की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश सभी डीएम को दिए। सफाई मित्रों की सामाजिक सुरक्षा व बीमा के मुद्दे पर संवेदनशीलता से कार्य करने की हिदायत देते हुए सीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान सफाई मित्रों के लिए व्यापक स्तर पर सिंगल विंडो कैम्प लगाकर उनकी सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच बढ़ाकर कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को सफाई मित्रों के लिए हेल्थ कैम्प लगाकर स्वास्थ्य व चिकित्सा सेवाएं, जांच व उपचार के साथ ही अन्य सभी सम्बन्धित विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

# सम्मान समारोह में 500 शिक्षकों को किया सम्मानित

सितारगंज (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज भवन में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय क्षेत्र के शासकीय और निजी विद्यालयों के लगभग 500 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हज कमेटी के चौयरमैन खतीब अहमद, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमा शंकर दुबे,भाजपा मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी, प्रधानाचार्य रवेंद्र पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान शिक्षकों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजक रवि रस्तोगी ने कहा कि हमारे जीवन में गुरुजनों का बहुत ही बड़ा महत्व है। गुरु बिन होय न ज्ञान, जीवन में कोई भी सफलता बिना गुरु के नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि बेहतर और शिक्षित समाज स्थापित करने में शिक्षकों की अहम भूमिका रहती है। गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। इसलिए गुरु को भारत देश में ईश्वर सामान माना जाता हैं। छात्र छात्राओं को अपने गुरूजनों के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिये। इस दौरान सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन बबलू सागर ने किया। इस मौके पर राकेश त्यागी, संतोष मिश्रा, परमेश्वरी गंगवार, खलेंद्र चौहान, जानकी खोलिया, सगीर अहमद, श्यामसुंदर श्रीवास्तव, दीपू जोशी, भगवान सिंह भंडारी, दिनेश भट्ट, चंद सिंह डसीला, विनोद कुमार मिश्रा, आजम मालिक, रामबाबू शुक्ला, तीरथ शर्मा आदि मौजूद रहे।





# असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ दायर याचिका खारिज

## राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ टिप्पणी पर कांग्रेस नेता गणेश उपाध्याय ने दायर की थी याचिका

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गई तथाकथित अशोभनीय टिप्पणी के मामले पर तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निर्णय देते हुए याचिका को खारिज कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डा0 गणेश उपाध्याय द्वारा पिछले वर्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रपुर की कोर्ट में दाखिल परिवाद में कहा गया था कि असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वासरमा द्वारा वर्ष 2022 में उत्तराखण्ड विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान किच्छा में हुई जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने कोर्ट में दाखिल परिवाद पर अपने ब्यान दर्ज कराते हुए कहा नेहरू व गांधी परिवार से संबंधित होने के साथ-साथ इस देश की आजादी से लेकर देश के विकास में अपने तीन-तीन पीड़ियों ने अपने लहू से देश को सीचा हैं।उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान असम राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता विसवासरमा ने किच्छा नगर में स्थित तहसील कार्यालय के सामने इंदिरा गांधी मैदान में 11 फरवरी 2022 को एक राजनीतिक दल के उम्मीदवार का प्रचार करते हुए दिन में लगभग 1 बजे के आसपास एक सभा को सार्वजनिक रूप से अपने सम्बोधन में कांग्रेसी नेता व तत्कालीन सांसद राहुल गांधी का नाम लेकर पूर्ण विद्वेष भावना से ग्रसित होकर 'आप कौन से पिता के बेटे है, हमने प्रूफ मांगा क्या' उद्बोधन किया। उनका यह सम्बोधन प्रत्यक्ष रूप से भी राहुल गांधी की माता एवं सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के चरित्र के प्रति लांछन लगाने वाला उद्बोधन सार्वजनिक रूप से किया गया है, कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी का चरित्र हनन किया गया है।यह सूचना एवं प्राद्योगिकी कानून के प्राविधानों का दुरूपयोग भी है। समाज के सभ्य लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट रूद्रपुर द्वारा इस परिवाद को सुनवाई के बाद 15.07. 2023 को निरस्त कर दिया जिसके बाद डा0गणेश उपाध्याय द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय में इस निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध रिविजन दाखिल किया जिस पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन माननीय तृतीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश उधमसिंहनगर श्रीमती मीना देउपा की कोर्ट ने सफनवाई के बाद कोर्ट ने सम्मन जारी कर मुख्यमंत्री असम हेमंत विसवासरमा को 17 अक्टूबर 2023 को हाजिर होने के लिए नोटिस भेजा था।इस मामले में दिल्ली से वकीलों की टीम राजीव नयन के नेतृत्व में कोर्ट में पहुंची थी,अगली तारीख 18 नवम्बर लगी थी जिसमें असम के मुख्यमंत्री का पक्ष रख जाना था। सरकार की तरफ से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा द्वारा पैरवी की गई वर्तमान में माननीय तृतीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश उधमसिंहनगर मुकेश आर्या द्वारा सुनवाई की जा रही थी। बुधवार को एडीजे मुकेश आर्या द्वारा अपने निर्णय में कहा कि असम के मुख्यमंत्री के तथाकथित सम्बोधन 'आप कौन से पिता के बेटे है, हमने प्रूफ मांगा क्या', इस सम्बोधन का मंतव्य क्या था यह डा0गणेश उपाध्याय व गवाह सिद्ध नही कर पाये ।कहा कि परिवादी ना तो पीड़ित है और ना ही कोई साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो यह स्पष्ट करें कि राहुल गांधी के विरूद्ध कोई वक्तव्य दिया गया हो जिससे वे आहत हुए हों।एडीजे मुकेश आर्या द्वारा जेएम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय को पुष्ट करते हुए डा0गणेश उपाध्याय के रिविजन को निरस्त कर दिया।

# नशीले इंजेक्शनों के साथ तस्कर दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एएन टीएफ एवं कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से नशा उन्मूलन अभियान चलाकर चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 67 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एएनटीएफएवं कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान बिहारी पेट्रोल पम्प रामपुर रोड के बाएं गेट के पास से संदिग्ध रूप से घूम रहे एक व्यक्ति को संदेह होने पर पकड़ लिया।



पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अभिषेक आर्या उर्फ इक्का पुत्र विशाल उर्फ बंटी दिवाकर निवासी शिव मंदिर के पास शिवनगर रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 67 नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ के दौरान अभिषेक ने बताया कि वह इंजेक्शन देवरनिया (उत्तर प्रदेश) से लाता है और हल्द्वानी और रूद्रपुर में महंगे दामो में लड़कों को बेचता है। पुलिस ने बरामद इंजेक्शन कब्जे में लेकर अभिषेक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रविन्द्र राणा, अपर उप निरीक्षक राजेंद्र मेहरा, कां. राजेंद्र जोशी, एएनटीएफ के का. नवीन कुमार, अरविंद कार्की व सोनू सिंह शामिल थे।

# गुरमत समागम में संगत हुई निहाल

किच्छा(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहिब उत्तम नगर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पहले प्रकाश उत्सव को समर्पित तीन दिवसीय महान गुरमत समागम मनाया गया। तीन दिन के समागम में अंतिम दिन महान गुरमत समागम में बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारे के ज्ञानी हरजीत सिंह, हजूरी रागी भाई रंजीत सिंह,कथावाचक भाई सुखविंदर सिंह एम ए, ढाड़ी जत्था बीबी अमनदीप कौर खालसा नकोदर वाले एवं



बाबा लखवीर सिंह रतवाड़ा साहिब चंडीगढ़ वाले ने अपने प्रवचनों से संगत को निहाल किया, वही समागम में गुरु का लंगर अटूट बरता। इस मौके पर नानकमत्ता साहिब गुरुद्वारे के प्रधान जोगिंदर सिंह, बाबा बुड्ढा साहिब गुरुद्वारे के प्रधान सुखचौन सिंह, भूपेंद्र सिंह, बिसा सिंह,प्रहलाद अरोरा, बलविंदर सिंह,कृपाल सिंह, उधम सिंह थे।

# आर.ए.एन. स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

रूद्रपुर।आर.ए.एन.स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया तथा अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन कियाद्य सर्वप्रथम कर दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विंग कमांडर एच.के. राय, निदेशक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय, श्रीमती मधु राय, प्रधानाचार्या के अंत में मोहित राय ने शिक्षकों को धन्यवाद करते हुए कहा कि शिक्षक समाज का वह स्तंभ है जो आने वाली पीढियां को सशक्त और सुसंस्कृत बनाते हैं। तथा





तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने शिक्षक दिवस पर यह शपथ ली कि वे निष्ठा से काम करेंगे,न केवल छात्रों को सर्वोत्तम ज्ञान प्रदान करेंगे, बल्कि उनमें अच्छे मूल्यों का संचार भी करेंगे ताकि वे हमारे देश के सर्वोत्तम नागरिक बन सकें। विद्यार्थियों के ममता बिष्ट ने सभागार में उपस्थित समस्त अतिथियों तथा अध्यापक-अध्यापिकाओं का स्वागत किया। आरए. एन भूरारानी तथा डिबडिबा की अध्यापिकाओं एवं अध्यापकों ने अपने गीत तथा नृत्य के द्वारा सभी को मंत्र मुक्त श्रीमती भावना भनोट,डिबडिबा की प्रधानाचार्या श्रीमती ममता बिष्ट,मुख्य अतिथि सुनील द्विवेदी ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड कक्षा के दसवीं और बारहवीं के उत्तम रिजल्ट देने वालेअध्यापक-अध्यापिकाओं को पुरस्कृत कर सम्मान किया। समारोह समाज में उनका योगदान अतुलनीय है। विशिष्ट अतिथि श्रीमान सुनील द्विवेदी ने समापन समारोह के अंत में समस्त अध्यापक गण की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें विद्यालय की सुपर पावर बताया। समारोह कासमापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# भागवत कथा का ठुकराल ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं. 24 रम्पुरा में दुर्गा मन्दिर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का पूजा अर्चना कर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने भागवत कथा के आयोजन की सराहना करते हुए धार्मिक आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहवान किया। श्री ठुकराल ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम में समाज कोई धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। धार्मिक आयोजनों से मन में नई उर्जा का संचार होता है । उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अपनी संस्कृति को भूल रही है। युवा पीढ़ी को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें जागरूक करने की जरूरतत है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी



ज्ञान के साथ साथ संस्कारों का ज्ञान देना भी जरूरी है। धार्मिक संस्कार ही व्यक्ति को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। विधायक ठुकराल ने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल , बनारसी दास कोली ,हिम्मत राम कोली ,चंद्रकाली देवी ,माया देवी ,लक्ष्मी देवी, कांति देवी ,उर्मिला, कुसुम देवी, भूरी देवी, सरोज रानी ,जमुना देवी ,कमला देवी ,कमलेश पाल ,आशा देवी, बिना रस्तोगी, पार्वती देवी ,रानी देवी, मिथलेश पाल, ओमवती देवी, राम मूर्ति देवी, सरस्वती देवी, पंकज कोली ,बंटी कोली आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

# शिक्षक दिवस पर छात्राओं को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिला सुरक्षा के दृष्टिगत सीओ सिटी एवम महिला हेल्प लाइन प्रभारी ने स्कूली छात्राओं को जागरूक किया और उन्हें षगौरा शक्तिष मॉड्यूल की जानकारी दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए शहर के विभिन्न स्कूलों में छात्राओं को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया है। नितिन लोहनी सीओ सिटी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज बनभूलपुरा में छात्राओं को बताया कि सभी को अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक जानकारी होनी चाहिए ताकि वे सशक्त और सुरक्षित रहें। इस दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को 112 नंबर की जानकारी दी, जो महिला सुरक्षा के लिए चौबीसों



घंटे उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त साइबर जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया तथा 1930 हेल्पलाइन नंबर से भी अवगत कराया गया। उनि ज्योति कोरंगा प्रभारी महिला हेल्प लाइन द्वारा सेंट लॉरेंस स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अंतर्गत षगौरा शक्तिषएप, गुड टच, बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा के महत्व सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय बताये गए तथा मदद हेतु नजदीकी पुलिस स्टेशन या 112 पर डायल करने की जानकारी, मनचलों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने पुलिस को देने हेतु बताया गया। छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए गौरा शक्ति मॉँड्यूल व इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी देकर, गौरा शक्ति में रजिस्ट्रेशन करने हेतु प्रेरित किया गया। विषम परिस्थितियों में इसका उपयोग करने हेतु बताया गया। इसके उपरांत सभी को नजदीकी थाना/ चौकी के हेल्पलाइन नंबर व पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल 112, साईबर क्राईम हेल्पलाईन नंबर -1930 की जानकारी दी गई और कोई भी समस्या/शिकायत होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने हेतु बताया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया शिक्षक दिवस

रूद्रपुर। होली चाइल्ड स्कूल में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के सम्मान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रांगण में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के चित्र के समक्ष विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एम.डी. श्रीमति पूजा बत्रा, प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे, उप प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व श्रीमति मंजू अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर, श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शिक्षक दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात् बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में अपनी अनुपम अभिनय प्रस्तुति द्वारा सभी को भावविभोर कर दिया। शिक्षकों ने भी कविता पाठ व अपने संदेशों के माध्यम से बच्चों का माार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि हम सबको डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के जीवन के आदर्शों का पालन करना चाहिए तथा बच्चों को अपने माता-पिता व गुरू के बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। विद्यालय के वाईस चेयरमैन विकास बत्रा ने गुरू की महत्ता को बताते हुए सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।






# दुर्गा मंदिर में कल विधि विधान से होगा गणेश पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 33 वीं माँ वैष्णो दरबार यात्रा के उपलक्ष में यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल और प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली ने बताया कि श्री दुर्गा यात्रा समिति ,दुर्गा मंदिर द्वारा 6 सितम्बर को शाम 6 बजे हरितालिका तीज के अवसर पर दुर्गा मंदिर रुद्रपुर में पण्डित नवीन शास्त्री और महन्त राजीव ठक्कर द्वारा सभी दुर्गा माता और गोरा माता का श्रृंगार करवाया जाएगा। कल 7 सिंतबर को गणेश चर्तुथी के अवसर पर दुर्गा मंदिर में प्रातः काल 8 बजे गणेश भगवान का पूजन किया जायेगा और नए वस्त्रो से श्रृंगार आदि किया जायेगा साथ ही भक्तो द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा। लड्डू और मोदक का प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों और संगत से दोनों कार्यक्रमों में समय से पहुँच करप्रभु की कृपा प्राप्त करने का आहवान किया है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा

उत्तराखंड के एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही मनमानी रवैये के खिलाफ गंभीर टिप्पणी भी की है और इसे एक तरह से लोकतंत्र के विरुद्ध बताया है। हालांकि सरकार ने विवेकाधिकार के उपयोग पर अपने फैसले का बचाव किया है। लोकतांत्रिक मर्यादाओं को दरकिनार करने के इस तरह के मामले अक्सर उठते रहे हैं कि अपने विवेकाधिकार पर राज्य की सरकारें दागी अफसरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के बजाय इसकी अनदेखी करती है। कई बार ऊंची पहुंच वाले आरोपी अधिकारी की तैनाती उसके पसंद के पद पर भी कर दी जाती है। यह प्रकारांतर से उसे बचाने या पुरस्कृत करने जैसा ही है, जिसे सरकार अपने अधिकार क्षेत्र में मानती है। जबकि इस तरह के रुख को न केवल नियमों के विरुद्ध माना जाता है, बल्कि यह मनमानी भी है, जिससे सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था और मूल्यों को नुकसान पहुंचता है।गौरतलब है कि भारतीय वन सेवा यानी आइएफएस के एक अधिकारी को उत्तराखंड के राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक बनाए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने तीखी नाराजगी जताई और राज्य के मुख्यमंत्री को सख्त फटकार लगाई। अदालत ने साफ कहा कि जिस अफसर को पेड़ों की गैरकानूनी तरीके से कटाई के मामले में जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व से हटाया गया था, उसे रिजर्व का निदेशक क्यों बना दिया गया। हैरानी की बात यह है कि जिस अधिकारी पर किसी भी रूप में कानून के विरुद्ध आचरण का आरोप लगा हो, उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के बजाय प्रक्रिया के तहत आरोपमुक्त होने से पहले ही फिर से उसे निदेशक जैसे पद पर तैनात कर दी जाती है। क्या उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के लिए लोकतांत्रिक दायित्वों और मर्यादा के यही मायने हैं? दरअसल, इस नियुक्ति में नियम-कायदों, नैतिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं को जिस तरह ताक पर रख दिया गया, शायद उसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत को यह टिप्पणी करने की जरूरत पड़ी कि 'हम सामंती युग में नहीं हैं कि जैसा राजा बोले वैसा ही होगा।' हालांकि इस मसले पर विवाद के बाद राज्य सरकार ने इस नियुक्ति के आदेश को वापस ले लिया, लेकिन इस संबंध में एक तथ्य यह सामने आया कि विभागीय मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस नियुक्ति के पक्ष में नहीं थे, इसके बावजूद इस असहमति पर विचार करने के बजाय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने दागी अफसर को निदेशक बना दिया। जाहिर है, यह अपने दायित्व और अधिकार की सीमा पर गौर नहीं करने का ही एक उदाहरण है। भ्रष्टाचार या अन्य अनियमितता के आरोपों की वजह से कार्रवाई के दायरे में आने के बाद भी दागी अफसरों की ओर से आंखें मूंदे रखना या प्रकारांतर से उसे राहत पहुंचाने या पुरस्कृत करने को सरकारों और खासतौर पर शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति ने मानो अपना अधिकार मान लिया है। कम से कम इस बात का इंतजार भी नहीं किया जाता है कि अगर किसी अधिकारी पर अनियमितता के आरोप लगे हैं, तो उसके खिलाफ विभागीय जांच या कानूनी प्रक्रिया पूरी हो जाए। इस तरह का रवैया किसी ऐसी व्यवस्था में ही आम हो सकता है, जहां एक व्यक्ति की मर्जी से सरकार और समूचा तंत्र चलता है। ऐसे मामले देश के अलग-अलग राज्यों से अक्सर आते रहते हैं, जिसमें भ्रष्टाचार या किसी अन्य गंभीर आरोप से घिरे व्यक्ति के मामले में उचित कार्रवाई करने के बजाय उसे राहत या किसी अहम जगह पर तैनाती दी जाती है। सुप्रीम कोर्ट के आकलन के मुताबिक देखें तो इसे सामंती युग के आचरण के तौर पर ही देखा जाएगा। ऐसी प्रवृत्ति से निश्चित तौर पर लोकतंत्र बाधित होता है।

# कुंड पुल छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुला

## 21 करोड़ से गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर भूस्खलन जोन की होगी मरम्मत

रूद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग का महत्वपूर्ण पड़ाव कुंड पुल छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुल गया है। भारी वाहनों को अभी चुन्नी बैंड वाले वैकल्पिक मार्ग से ही जाना होगा। पुल के समीप प्रस्तावित बेली ब्रिज के निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रुद्रप्रयाग जिलाधिकारी श्री सौरभ गहरवार ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के साथ पुल को सुरक्षित करने एवं यातायात जल्द शुरू करने का कार्य किया। अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग श्री निर्भय सिंह ने बताया कि पुल के आधार को मजबूत करने के लिए कंक्रीट दीवार का निर्माण किया गया है। पुल की मजबूती बढ़ाने एवं परखने के बाद आज से छोटे वाहनों के लिए पुल खोल दिया गया है।विकल्प के तौर पर पुल से बैराज की ओर 10 मीटर की दूरी पर बेली ब्रिज स्थापित करने की योजना भी बनाई गई है। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर कार्य भी शुरू कर दिया गया है। करीब 70 मीटर स्पान का पुल तैयार किया जा रहा है जिसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को अप्रूव करने भेजा गया है। यात्रा मार्ग पर संगम सुरंग का मरम्मत कार्य भी लगभग पूर्ण होने वाला है। 15 सितंबर तक सुरंग आवाजाही के लिए खोल दी जाएगी। सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वॉशआउट क्षेत्र में भी छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू करने के लिए तेजी से कार्य चल रहे हैं। अनुकूल मौसम अनुसार छोटे वाहनों की आवाजाही यहां भी शुरू हो जाएगी।



गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग के चौड़ीकरण के साथ ही पैदल मार्ग के भूस्खलन व भू-धंसाव जोन का स्थायी ट्रीटमेंट किया जाएगा। रास्ते को दुरुस्त करने के लिए लोनिवि ने 21 करोड़ से अधिक लागत के 29 प्रस्ताव तैयार किए हैं। जल्द ये प्रस्ताव जिला कार्यालय के माध्यम ये शासन को भेजे जाएंगे। बीते 31 जुलाई को अतिवृष्टि से 16 किमी लंबा गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग 29 स्थानों पर प्रभावित हुआ था जिसमें से 16 स्थानों पर मार्ग ध्वस्त हो गया था। लोनिवि ने रास्ते को घोड़ा-खच्चरों के संचालन और पैदल आवाजाही लायक तो बना दिया है। मगर अब इस रास्ते को चौड़ा किया जाएगा। लोनिवि गुप्तकाशी-केदारनाथ के अधिशासी अभियंता विनय झिंक्वाण ने बताया कि पूरे पैदल मार्ग पर पर्याप्त चौड़ाई, टूटे पैदल मार्ग का निर्माण, भूस्खलन व भू-धंसाव जोन का स्थायी समाधान, तीखे मोड़ों को सरल बनाने, ध्वस्त पुश्तों का मानकोनुसार पुनर्निर्माण के लिए 21 करोड़ से अधिक की लागत के 29 प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इन सभी प्रस्तावों को शासन को भेजा जाएगा। बरसात से पैदल मार्ग को कम क्षति हो, इसके लिए भी जरूरी कार्य किए जाएंगे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर आपदा व अतिवृष्टि से प्रभावित रामबाड़ा में मंदाकिनी नदी पर बैलीब्रिज स्थापित किया जाएगा। इसके लिए यहां प्रारंभिक सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। जल्द बैलीब्रिज मंगाकर उसे स्थापित किया जाएगा।

# वक्फ संशोधन विधेयक मंजूर नहीं, राज्य वक्फ बोर्डों की हो सीबीआई जाँच

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य हज कमेटी व मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने प्रेस को दिए बयान



में कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश किया गया वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों को बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। ये बिल सी.ए.ए. और एन.आर.सी. से भी ज्यादा खतरनाक है। सी.ए.ए. और एन.आर.सी. मुसलमानों की नागरिकता छीनने के लिए है और यह वक्फ बिल मुसलमानों की धार्मिक पहचान और विरासत छीनने के लिए है। मौलाना ने कहा कि अगर केंद्र सरकार औकाफ (वक्फ सम्पत्तियों) के स्वामित्व और संपत्ति की रक्षा के लिए रत्ती भर भी गंभीर है तो उसको सबसे पहले उसे राज्य वक्फ बोर्डों की जांच सी.बी.आई से करानी चाहिए। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अलग-अलग वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख 70 हजार से ज़्यादा संपत्तियां हैं। ये 9 लाख 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। इन संपत्तियों की कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये है। संपत्तियों के लिहाज से सशस्त्र बल और भारतीय रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड तीसरे नंबर है चूंकि आजादी के बाद से आज तक वक्फ की जितनी वक्फ की जायदादें जमीने खुर्द-बुर्द हुई है या बेची गयी हैं ये सब राज्य वक्फ बोर्डों और मुतवल्लियों की मिली भगत से किया गया है, इन सबके लिए वक्फ संपत्तियों के मुतवल्ली, मजारात के मुजावित और सज्जादगान भी जिम्मेदार हैं। जिन्होने अपने हजारो करोड की वक्फ जायदादें अपने निजी स्वार्थों के लिए वक्फ बोर्ड से सांठ-गांठ करके उन्हे खुर्द-बुर्द किया अनाथों, गरीबों मिस्कीनों बेसहारा लोगों का हक मारा है। उत्तराखण्ड के कलियर शरीफ, हरिद्वार में स्थित हजरत मखदूम साबिर कलियरी की दरगाह का जिक्र करते हुएं मौलाना ने कहा कि बादशाह शाहजहां ने कलियरी शरीफ में 700 बीघे जमीन वक्फ के रूप में समर्पित की थी, जिसके दस्तावेज आज भी सुरक्षित मौजूद हैं। लेकिन आज बमुश्किल यह 50 बीघे जमीन बची है, जिस पर भी कोर्ट में विवाद चल रहा है। सरकार को यह पता लगाना होगा कि यह सब किसने किया। इसमें उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक के वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी शामिल हैं। मौलाना ने मुंबई में मुकेश अंबानी की के निजि घर एंटीलिया की बिल्डिंग का जिक्र करते हुए कहा कि 2002 में यह मुस्लिम अनाथालय महाराष्ट्र वक्फ बोर्ड के पांच सदस्यों के द्वारा दिया गया तथा उस समय के हिसाब से उचित रकम भी वसूली गयी। मौलाना ने केंद्र सरकार से मांग की है कि अगर सरकार औकाफ (वक्फ सम्पत्तियों) की आमदनी बढ़ाना चाहती है, गरीबों, यतीमों को उनका हक दिलाना चाहती है और नाजायज अतिक्रमण व भ्रष्टाचार खत्म करना चाहती है तो सबसे पहले पूरी ईमानदारी के साथ राज्य वक्फ बोर्डा की सीबीआई से जांच कराये।

# मॉडलिंग शो में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की रही थीम

## आकर्षक डिजायनर ड्रैस में प्रतिभागियों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

रायपुर। आर्ना फाउंडेशन के तत्वधान में आयोजित ब्यूटी आइकॉन ऑफ इंडिया ब्यूटी पेजेंट में छत्तीसगढ़ भारत संस्कृति की मची धूम, सांस्कृतिक परिधानों में अपनी अलग-अलग रंगों, डिजाइनों और स्टाइल्स में सजे परिधान इस कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा गए। हर प्रतियोगी ने अपने अनूठे अंदाज और आकर्षक पोशाकों से सभी का दिल जीत लिया। इन परिधानों में पारंपरिक, आधुनिक और फ्यूजन स्टाइल्स की झलक देखने को मिली, जिसने इस आयोजन को भारत की संस्कृति और यादगार अनुभव बना दिया। बॉलीवुड अभिनेता भगवान तिवारी व इंटरनेशनल मॉडल भानु प्रिया भी मौजूद रही जबकि मुख्य अतिथि विधायक सम्पत अग्रवाल , अनिकेश बरड़िया,राजीव श्रीवास्तव ,अति विशिष्ट अतिथि मनोज पंजवानी ,योगेश अग्रवाल ,पार्थ मल्लिक ,विवेक जायसवाल ,मुकेश खंडेलवाल, ललित पटवा,महेंद्र सिंघानिया, अरुण सींग,ऋषभ बरलोटा अविनाश गोयल, डी एस मिश्रा , शताब्दी पाण्डेय , राजकुमार राठी,डॉ. नविन, कविता राठी, रितुपरिहार , रेनू नंदी,रविंद्र कौर, स्मिता , मोनिता एवं अन्य मौजूद रहे ।इस ब्यूटी पेजेंट में महाराष्ट्र,उड़ीसा, पंजाब, झारखंड, दिल्ली, कोलकाता, असम, छत्तीसगढ़, जम्मू,मध्यप्रदेश अन्य जगह से प्रतिभागियों ने इवेंट में भागीदारी की। आर्ना फाउंडेशन की संस्थापक रूना शर्मा ने बताया कि उनके द्वारा इससे पूर्व चार सफल इवेंट आयोजित किए जा चुके है जिसके अधिकांश प्रतिभागी फिल्म,विज्ञापन, वेब सीरीज, इत्यादि क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।उन्होंने अपना नाम ,पैसा व शोहरत हर क्षेत्र में सफलता अर्जित की है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ/ तंबाकू छोड़ो/ स्वच्छ भारत /छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रोत्साहित करना/पशु क्रूरता रोकना/ जलवायु परिवर्तन की दिशा में कार्य करना इवेंट की प्रमुख थीम थी।भारत की संस्कृति कों आगे बढ़ाना लोगो कों जागरूक करना था । जिसके तीन राउंड हुए पहला पारंपरिक एवं परिचय राउंड दूसरा क्रेटिव राउंड तीसरा फॉर्मल राउंड हुआ। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया।ग्लोबल आइकॉन बेस्ट एक्टर अवार्ड भगवान तिवारी ,तिलोकचन्दन बरडिया /अनिकेश बरडिया को बेस्ट ज्वेलर्स का अवार्ड दिया गया। ग्लोबल आइकॉन रैंप अवार्ड भानु प्रिया ,ग्लोबल आइकॉन बेस्ट सीमेंट कंपनी अवार्ड जे के लक्ष्मी सीमेंट ,ग्लोबल आइकॉन ऑफ इंडिया न्यू टेक्नोलॉजीस पार्थ मल्लिक घोष ,ग्लोबल आइकॉन ट्रेडिशनल साड़ी अवार्ड प्रीतम देवांगन एस आर साड़ीज, ग्लोबल आइकॉन इंडिया मॉडल बरखा मीना ,ग्लोबल आइकॉन बेस्ट मीडिया पर्सनालिटी शिव कुमार शर्मा ,ग्लोबल आइकॉन इंटरपप्रेनर महेंद्र सिघानिया ,ग्लोबल आइकॉन महिला पत्रकार लक्ष्मी कुमार ग्लोबल आइकॉन उत्कृष्ट सेवा डी.एस. मिश्रा ,सेलिब्रीटी एंकर अवार्ड नमित जैन ,जजमेंट अवार्ड बंटी जुवी चंद्राकर, डेंटल अवार्ड अभिषेक मिश्रा ,लाइफ कोच अवार्ड शताब्दी पाण्डेय ,एस्ट्रोलॉजी अवार्ड रविंद्र कौर ,क्रिएटिव अवार्ड सरस्वती सूरवंशी, जिम अवार्ड शीतल उपाध्याय ,मिलेट अवार्ड विपुल चौधरी ,डिजाइनर अवार्ड अंकिता बासु ,फारेस्ट अवार्ड प्रमिला साहू ,सोशल कॉज अवार्ड अभिजीत पारेख, सोशल एक्टिव अवार्ड काजल सुरेश सचदेवा , बेस्ट एडिटर अवार्ड प्रदीप फुटेला, वीमेन पावर अवार्ड पुष्पलता त्रिपाठी, क्राउन मेनिफैक्चर अवार्ड अविनाश गोयल , बेस्ट थ्रीडी आर्टिस्ट अवार्ड हर्ष वेलुकर, मेकअप डिजाइनर ज्योति सुंदरानी , एलजीबीटी अवार्ड फ्रेडी , आयुर्वेद अवार्ड रचना सिंग , मेंटर ऑफ डिजाइनिग अवार्ड सुनीता प्रधान ,हैप्पीनेस कोच अवार्ड शीलू शर्मा ,पॉजिटिव अवार्ड वेदिका माखीजा , ऑफ इंडिया डांस कॉम्पीटिशन में नाव्या चतुर्वेदी प्रथम ,फर्स्ट रनरअप निहिरा जायसवाल ,बेस्ट एक्सप्रेशन वान्या चतुर्वेदी ,बेस्ट गेटप यादिति साहू बेस्ट सांग परफॉरमेंस आरोही राठौर किड्स ब्यूटी आइकॉन इंडिया में उनयशा आनंद प्रथम फर्स्ट रनरअप प्रतीक्षा दास , सेकंड रनरअप ऐसीनी थर्ड रनरअप यादिति साहू , बॉय कटेगरीज वीर शर्मा कृष्णा अवतार ,टीनऐज ब्यूटी आइकॉन इंडिया प्रथम सिद्धी पांडा ,फर्स्ट रनरअप अदिति भारद्वाज ,ब्यूटी आईकॉन इंडिया विजेता मिस केटेगरी प्रथम -सोनम सूर्या ,फस्ट रनर अप-देवयानी सलाम , सेकंड रनरअप -शकुन सिंग ,मिसेस केटेगरी विजेता सोनम सींग राठौर ,फर्स्ट रनरअप =निवृत्ती वाघड़े ,सेकंड रनरअप प्रतिमा डे ,मिसेस छत्तीसगढ़ इंडिया रश्मि शुक्ला जबकि सबटाइटलस विजेता मिस पूर्वा लहरे -बेस्ट पर्सनालिटी मिसेस विशाखा =परफेक्ट पर्सनालिटी मिसेस सेंटू पटेल फोटोजीनिक,रश्मि शुक्ला टाइटल फैशनिस्टा,मिस महक विश्वकर्मा मोस्ट गॉर्जियस,मिस सोना भीमटे मोस्ट अडोरेबल अविनाश गोयल ,बंटी चंद्राकर ,सोनम श्रीवास्तव अभिषेक मिश्रा,अंकिता दास मौजूद रहे।







# आश्वासन के बाद व्यापार मंडल अध्यक्ष का अनशन स्थगित

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वाराकांग्रेस के जिला महामंत्री और नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में 51 सूत्रीय मांगों को लेकर चलाया जा रहा अनशन एक दिन बाद समाप्त हो गया। गुरूवार को उपजिलाधिकारी मोनिका ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया तथा उन्हें उनके द्वारा दिए ज्ञापन पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी। अनशन पर बैठे संगठन महामंत्री कांग्रेस कवि जोशी ने कहा कि जिला मुख्यालय की प्रमुख समस्याओं को लेकर लंबे समय से अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए थे, पर उन्हें केवल झूठे आश्वासन देकर उन्हें केवल गुमराह किया गया। लोकतंत्र में जनसमस्याओं के लिए अपनी आवाज उठाई जाती है, उन्होंने यदि दो माह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पुन: आंदोलन किया जाएगा। नगर की 51 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार से तहसील कार्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रारंभ किया था। उन्होंने सत्ता पक्ष पर विकास कार्यो की अनदेखी करने के आरोप लगाते हुए अधिकारियों द्वारा विकास योजनाओं में अनदेखी करने के



खिलाफ आंदोलन शुरू किया था। गुरूवार को उपजिलाधिकारी मोनिका ने विभिन्न अधिकारियों के साथ आंदोलनकारियों की वार्ता कराई।जिसके बाद आंदोलन को समाप्त करने में उपजिलाधिकारी मोनिका और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने अहम भूमिका निभाते हुए अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता कवि जोशी को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं के साथ विभिन्न मांगों के निराकरण के लिए उपजिलाधिकारी मोनिका ने एक कुशल प्रशासक के तौर पर सभी अधिकारियों के साथ तहसील सभागार में कांगेस नेताओं के साथ अधिकारियों की बैठक आयोजित की।उपजिलाधिकारी मोनिका बताया कि लोनिवि से संबंधित मांगों में अधिकांश में निविदाएं आमंत्रित की गई हैं परंतु ठेकेदारों की हड़ताल के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। सरयू व गोमती पुल में लोहे की प्लेट बदलने का कार्य भी कराया जाएगा व नदीगांव में बने रैन बसेरा के लिए धन स्वीकृति हेते ही काम प्रारंभ किया जाएगा। वार्ता में पूर्व मंत्री नवप्रभात समेत जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र टंगणियां, जिला महामंत्री संगठन कवि जोशी जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष और कांग्रेस नेता बबलू नेगी, गीता रावल, गोपा धपोला आदि शामिल थे। इधर जिला महामंत्री कवि जोशी ने कहा कि यदि दो माह के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुन: आंदोलन को बाध्य होंगे।

# चरस के साथ तस्कर दबोचा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में बतौर निरीक्षक तैनाती मिलने के बाद एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर सलाउद्दीन के नेतृत्व में अपनी टीम के साथ लगातार अवैध नशे और अवैध रूप से तश्करी में लिप्त लोगों पर शिकंजा करना शुरू कर दिया है, चार्ज सम्भालते ही लगातार विभिन्न थाना क्षेत्रों मे अवैध धंधो में रोक लगाने के लिए अभियान चलाया है।एसओजी प्रभारी और उनकी टीम ने कोतवाली क्षेत्र में बरेली निवासी एक चरस तश्करी के आरोपी को एक किलो 104 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। बागेश्वर पुलिस टीम ने एसओजी प्रभारी निरीक्षक सलाउद्दीन के नेतृत्व में उनकी टीम मुखबिर की सूचना पर अनर्सा तिराहे पर चेकिंग अभियान चला रही थी तभी एक व्यक्ति जो कि संदिग्ध प्रतीत हुआ,तब उसे रोककर पूछताछ की गई।जिसके



बाद वह पुलिस टीम को चकमा देने की कोशिश करने लगा, तब इंस्पेक्टर सलाउद्दीन ने उसे गहनता से पूछताछ की, वही पूछताछ करने पर पकड़े गए आरोपी शाबाद मोहम्मद पुत्र स्व. मल्लू बक्श उम्र 22 वर्ष निवासी–कोइना थाना–भमौरा, जिला–बरेली उप्र के कब्जे से 1.104 किग्रा अवैध चरस बरामद की गई। जिसके बाद आरोपी के विरुद्ध 60एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा कर न्यायालय में भेज दिया। इस दौरान पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी सहित टीम में मौजूद पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# धरना प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस ने बनाई रणनीति

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिले की बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर 9 सितंबर को रुद्रपुर मुख्यालय में होने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर तैयारी की समीक्षा की। खटीमा रोड स्थित निजी स्कूल में विधायक गोपाल सिंह राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि 9 सितंबर को प्रदेश नेतृत्व द्वारा आयोजित यूथ कांग्रेस के



धरना प्रदर्शन में विधानसभा से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। धरना प्रदर्शन में जिले की कानून व्यवस्था को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। विधायक गोपाल सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बिल्कुल बिगड़ी हुई है, बाहर से आकर अपराधी खुलेआम घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर कार्यकर्ता भारी संख्या में 9 सितंबर को रुद्रपुर में कूच करेंगे। इस मौके पर सतनाम सिंह निक्कू, सुरेंद्र सिंह करनावल, नरेंद्र सिंह पिंटू, जसवंत सिंह जस्सा, प्रकाश कुमार, बलवंत सिंह आदि मौजूद थे।

# एनएसएस व एनसीसी कैडेटों ने कोट भ्रामरी मंदिर में चलाया वृहद स्वच्छता अभियान

गरुड़(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक व पौराणिक कोट भ्रामरी मेले को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में पीएमश्री राजकीय इंटर गरुड़ के एनएसएस स्वयंसेवकों व एनसीसी कैडेटों ने कोट भ्रामरी मंदिर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर कैडेटों ने मेला परिसर व रास्तों की झाड़ियां काटी और नालियां साफ की। एनएसएस प्रभारी देवेंद्र मेहता व एनसीसी के सेकिंड ऑफिसर एमसी जोशी के नेतृत्व में कैडेटों ने कोट भ्रामरी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया। मेला परिक्षेत्र व मंदिर को जाने वाले रास्तों की झाड़ियां काटी, घास उखाड़ी, नालियां साफ की। इस मौके पर मेलाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, मेला उपाध्यक्ष बलवंत भंडारी, मेला सचिव देवेंद्र गोस्वामी, इंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि मेले को भव्य व आकर्षक बनाया जाएगा। मेले में आने वाले मेलार्थियों व श्रद्धालुओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा। मां नंदा संगठन मेलाडुंगरी ने कैडेटों को जलपान कराया। नौ सितंबर से प्रारंभ होने वाले मेले के लिए नगर पंचायत, लोनिवि, जल संस्थान, ऊर्जा निगम व अन्य विभाग भी जोर–शोर से तैयारी में जुटे हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय कुमार मंगला रख लिया है। भविष्य में मुझे अजय कुमार मंगला के नाम से जाना व पहचाना जाए।

अजय कुमार मंगला
पुत्र श्री मेहर चन्द, निवासी–
वॉर्ड नं.–11, ओल्ड गल्ला मंडी,
किच्छा, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद में पूर्व राष्ट्रपति डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने शिक्षकों को उपहार भेंट किए। इसके अलावा जिला कांग्रेस कमेटी ने भी कार्यक्रम आयोजित किया। राजकीय शिक्षक संघ ने काली पटटी बांधकर विरोध जताया।शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न विदयालयों में डा सर्वपल्ली राधा कृष्णन का जन्म दिवस मनाया गया। इस दौरान अध्यापकों ने बच्चों को डा राधाकृष्णन के कार्य व जीवन



परिचय की जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने भी अध्यापकों को उपहार भेंट करके उन्हें शुभकामनाएं दी। महिला जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष गोपा धपोला की अध्यक्षता में डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस मनाया। गोपा धपोला ने कहा कि वे ऐसे गुरू थे जो हमेशा अपने छात्रों के भविष्य के लिए प्रयास करते रहे। इस दौरान गीता रावल, लक्ष्मी धर्मसत्तू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपं अध्यक्ष बबली ऐठानी, कुंदन गोस्वामी, गोकुल परिहार आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उधर राजकीय शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली व अन्य मांगों को लेकर काला फीता बांधकर विरोध जताया।

# हादसों की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।गोलगेट शिव मंदिर के पास पंतनगर में अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन बस को तेजी व लापरवाही से चलाकर कौशल्या देवी उम्र 60 वर्ष को टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल करने तथा उपचार के दौरान मत्यु हो जाने, 01 मार्च 2024 को मोदी मैदान किच्छा बाईपास ट्रांजिट कैम्प में अभि0 द्वारा टुक–टुक रजि0 नं0 संख्या यूके 06–इआर–7142 को तेजी व लापरवाही से चलाकर सिन्धु राय को टक्कर मारकर उसकी मृत्यु कर देने, 15 मार्च 2024 को अटरिया ढाल ट्रांजिट कैम्प पर अज्ञात अभि0 द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर नन्ही देवी उम्र 37 वर्ष को टक्कर मारकर घायल करने, 05 मई 2024 को वन विभाग चौकी के पास हाईवे पर पंतनगर में वाहन को निर्माणाधीन हाईवे पर गलत तरीके से खड़ा करना जिससे चालक सरफराज द्वारा बस संख्या यूके 04– पीए– 1963 के टकरा जाने के कारण बस परिचालक के गम्भीर रूप से घायल हो जाने सम्बन्धी दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने उप जिला मजिस्ट्रेट रूद्रपुर को जॉच अधिकारी नामित करते हुये निर्देशित किया है कि उक्त दुर्घटनाओ की सम्पूर्ण पहलुओं की विस्तृत जॉच करते हुए जॉच आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# दलीप बठला को किया याद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी दलीप सिंह बठला की पुण्य तिथि पर उनका स्मरण करते हुए गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा गोल मार्केट में सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। जिसके समापन पर संगत ने सर्व समाज की भलाई के लिए अरदास की। रागी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन व कथावाचक द्वारा गुरू की महिमा का गुण गान किया गया। इस मौके पर बठला परिवार सहित संगत मौजूद थी। सभी को लंगर प्रसाद बरताया गया। माता सुरजीत कौर ने सारी संगत का आभार व्यक्त किया।

# रामलीला के लिए रिहर्सल आज से

काशीपुर(उद संवाददाता)। देवभूमि पर्वतीय महासभा की ओर से आयोजित श्री रामलीला का मंचन अगले माह दो अक्टूबर से आरंभ होगा। आज से रामलीला का रिहर्सल शुरू हो रहा है। इस बार रामलीला मंचन का आयोजन सैनिक कालोनी मंगल बाजार में होगा। रिहर्सल चामुंडा मंदिर के निकट स्थित सिंह होटल में सायं छह बजे से होगा। रामलीला आयोजक कमेटी ने सभी पात्रों से समय पर पहुंच कर रिहर्सल में भाग लेने की अपील की है।

# भूकम्प से डोली धरती

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तरकाशी के मोरी में शुक्रवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर तीव्रता तीन रही। भूकंप का केंद्र बिंदु सिंगतुर वन क्षेत्र, उत्तरकाशी–हिमाचल बॉर्डर बताया गया है। हालांकि किसी भी प्रकार हानि की कोई सूचना नहीं है। तहसील/थाना, चौकियों द्वारा दूरभाष पर ली गई सूचना के अनुसार जनपद में जिला मुख्यालय व समस्त तहसील/थाना/चौकियों क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस नहीं हुए हैं। किसी प्रकार की क्षति की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इससे पहले देहरादून में भी 26 अगस्त रविवार रात भूकंप के हल्के झटके लगे थे। तीव्रता के पैमाने पर भूकंप बेशक हल्का था, लेकिन इसके पीछे बड़ी चेतावनी थी। पिछले दिनों देहरादून के मास्टर प्लान में भूकंप रेखा को चिह्नित कर उस पर निर्माण को रोकने की पैरोकारी की गई। शासन ने इस पर मुहर भी लगाई। इसके बावजूद भूकंप रेखा के इर्द–गिर्द लगातार ऊंची इमारतें बन रही हैं, जो दून के लिए खतरा बन रही हैं। देहरादून भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। यहां राजपुर रोड, सहस्त्रधारा और शहंशाही आश्रम से मेन बाउंड्री थ्रस्ट फाल्ट लाइन और मोहंड के आसपास से हिमालयन फ्रंट थ्रस्ट फाल्ट लाइन गुजरती है।

## पेज एक का शेष...

**सरकार में सिर फुटव्वल..**सरकार के इस आदेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सरकार ने आदेश दिया है कि सरकारी कर्मचारी आर एस एस की शाखाओं में जा सकेंगे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि आरएसएस भाजपा का फ्रेंचाइची संगठन है तथा केंद्र और राज्य सरकार को यही संगठन चला रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी से पूछा जाए कि आरएसएस सामाजिक संगठन है या राजनीतिक तो लोग कहेंगे कि यह सामाजिक संगठन है लेकिन यह संगठन सामाजिक होते हुए राजनीति कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो ऐसा आदेश दिया है तो सभी के लिए यह लागू होना चाहिए । वहीं उन्होंने निकाय चुनाव पर बोलते हुए कहा कि सरकार निकाय और पंचायत चुनाव नहीं करना चाहती है। क्योंकि सरकार को डर है कि वह यह चुनाव निश्चित तौर पर हारेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने केदारनाथ उपचुनाव आपदा की आड लेकर उसे भी टालने की तैयारी कर रही है। हरीश रावत ने कहा कि भाजपा केदारनाथ उपचुनाव के साथ ही नगर निकाय और पंचायत चुनाव बुरी तरह हारेगी। उन्होंने कहा कि सरकार में देखा जाए तो धुआं वही उठता है जहां आग लगती है उन्होंने कहा कि सरकार में वर्तमान में सिरफुटव्वल चरम पर चल रहा है।

**छोटे भाई को ..**को छुट्टी दे दी। घटना के बाद गुलदार के आतंक को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं देव कुमार द्वारा गुलदार के साथ किए गए संघर्ष के बाद अपने भाई की जान बचाने की जमकर प्रशंसा की जा रही है।

**भाजपा ने हमेशा ...**बिहारी वाजपेई ने दशकों पूर्व नैनीताल में एक सभा के दौरान कहा था कि वह बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलायेंगे। लेकिन आज तक यह नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता मुरली मनोहर जोशी ने बंगाली समाज को बंगलादेश के घुसपैठिये करार दिया था तो आड़वानी जी ने भी बंगाली समाज को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। आज विधायक चौहान भी अपने पार्टी के नेताओं का अनुसरण कर रहे हैं। इससे बंगाली समाज का भाजपा से मोह पूरी तरह से भंग हो गया है। श्री महाजन ने समस्त बंगाली समाज से दलगल राजनीति से बाहर आकर एकजुट होंकर समाज के हित में आगे आने का आव्हान किया। इस मौके पर कांग्रेस पीसीसी सदस्य परिमल राय, तारक बाछाड़, सुशील मंडल, नारायण हाल्दार, विकास मल्लिक, शिव कुमार, नन्दू शर्मा, असीत बाला, जगदीश कर्मकार, नवकुमार साना, नन्दशेखर गांगुली, अभिमन्यु साना, उमाशंकर आदि मौजूद थे।

**छेड़छाड़ का विरोध..**चौक के पास फल खरीदकर घर को जाने लगा तो तो वहां पहले से घात लगाये आकाश विर्क व उसके अन्य चार–पांच अज्ञात व्यक्ति द्वारा उस पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। आरोप है आकाश विर्क ने जान से मारने की नियत से तंमचे से फायर कर दिया, जो मिस हो गया। उसके साथी द्वारा चापड़ फेककर मारा जिससे उसने अपने आप को बचा लिया। अरूण का कहना है कि अपनी जान बचाने के लिए आवास विकास होली चौक पर स्थित एक मेडिकल स्टोर में छुपने हेतु घुसा तो वह लोग उसे जाने से मारने की धमकी देते हुए चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**भारी मात्रा में नशे..** बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर थाना आईटीआई में अभियुक्त के खिलाफधारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया । पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह कैप्सूलों को ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद से किसी एम.के. नामक व्यक्ति से लेकर आया है । उने उत्तर प्रदेश से सस्ते दामों में कैप्सूल खरीदकर काशीपुर क्षेत्र में लाकर महंगे दामों में बेचने की बात बताई। पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी श्रीमती अनुषा बडोला, प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सिंह कोश्यारी, अपर उपनिरीक्षक पुष्कर दत्त भट्ट, कांस्टेबल नीरज शुक्ला, सुरेन्द्र काम्बोज आदि शामिल थे।

**उपचार में लापरवाही...**गये जहां मामला पुलिस केस बताते हुए लौटा दिया गया। परिजनों ने बताया कि एम्स ऋषिकेश में पुत्री को भर्ती करा दिया गया। जहां विगत मध्य रात्रि कलावती ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिस पर बाजपुर चिकित्सालय से आया कर्मी मौके से फरार हो गया। गत सायं परिजनों ने शव यहां लाकर पुलिस से बाजपुर कि निजी चिकित्सालय पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# एसएसपी मंजूनाथ का तबादला मिश्र को मिली कमान

## 15 आईपीएस अफसरों समेत 5 जिलों के कप्तानों का स्थानांतरण

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आईएएस और पीसीएस अफसरों के तबादलों के बाद प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को टिहरी व उत्तरकाशी समेत पांच जिलों के पुलिस कप्तान बदल दिए हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए एक बार फिर मुख्यमंत्री धामी के सख्त दिशा निर्देशों के बीच शासन ने उत्तरकाशी, टिहरी, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग के कप्तान बदल दिए हैं। वहीं ऊधमसिंह नगर जनपद के एसएसपी मंजूनाथ टीसी को हटाकर अब पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, अभिसूचना मुख्यालय में भेजा गया है। उनकी जगह एसडीआरएफ के सेनानायक मणिकांत मिश्र को एसएसपी ऊधमसिंह नगर बनाया गया है। भारतीय पुलिस सेवा के कुल 15 अफसरों को इधर से उधर कर दिया गया है। इनमें पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार से अभिसूचना हटाकर कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। सचिव गृह शैलेश बगौली की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, एडीजी एपी अंशुमन से कानून व्यवस्था हटाकर डीजीपी अभिनव कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। अंशुमन अब एडीजी अभिसूचना होंगे। आईजी नीरू गर्ग से फायर सर्विस हटाकर मुख्तार मोहसिन को जिम्मेदारी दी गई है। गर्ग अब आईजी पीएसी और आईजी एटीसी की जिम्मेदारी संभालेंगी। मुख्तार मोहसिन से निदेशक यातायात हटा दिया गया है। अरुण मोहन जोशी को निदेशक यातायात के साथ ही आईजी चारधाम यात्रा प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मणिकांत मिश्र को एसडीआरएफ सेनानायक से मुक्त कर दिया गया है। सरकार ने उत्तरकाशी के एसपी अर्पण यदुवंशी को हटाकर एसडीआरएफ सेनानायक की जिम्मेदारी सौंपी है। उत्तरकाशी में अब सेनानायक आईआरबी द्वितीय अमित श्रीवास्तव-1को पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। एसपी प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय श्वेता चौबे को सेनानायक, आईआरबी द्वितीय की जिम्मेदारी गई है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी की जिम्मेदारी दी गई है। एसएसपी टिहरी नवनीत सिंह को एसएसपी एसटीएफ बनाया गया है। एसपी रुद्रप्रयाग विशाखा अशोक भदाणे को एसपी क्राइम अगेंस्ट विमेन, पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया है। उनकी जगह अक्षय प्रहलाद कांडे को एसपी रुद्रप्रयाग बनाया गया है। कांडे को बागेश्वर एसपी से यहां भेजा गया है। चंद्रशेखर आर घोड़के को एसपी बागेश्वर की जिम्मेदारी दी गई है। घोड़के अभी तक एसपी ट्रैफिक व क्राइम ऊधमसिंह नगर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।





# दुकान से आईफोन चोरी करने वाला 24 घंटे में किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आईफोन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शिवम चावला पुत्र अनिल चावला निवासी वार्ड नंबर 16 विकास कॉलोनी किच्छा जिला उधम सिंह नगर ने अपनी किराने की दुकान कुरैया में लगभग 11:30 बजे काउंटर पर रखे आईफोन एप्पल कंपनी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए जाने की सूचना द्वारा 5 सितंबर को दर्ज कराई थी। पुलिस ने सूचना पर मुकदमा दर्ज करते हुए फोन की खोजबीन के लिए प्रयास शुरू करते हुए मुखबिर छोड़ दिए थे। पुलिस ने मात्र 6 घंटे के अंदर मुखबिर की सूचना पर दरऊ रोड किच्छा से अभियुक्त मोहम्मद रफीक पुत्र बाबू हुसैन निवासी ग्राम सैजना थाना किच्छा जिला को मय चोरी के आईफोन के साथ गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय की विगत एक माह से कोतवाली पुलिस को चोरी चकारी एवं विभिन्न आपराधिक घटनाओं में लिफ्ट अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता नहीं मिल रही थी किंतु गत दिवस पुलिस द्वारा विभिन्न चोरी के प्रकरणों एवं ठगी सहित कई मामलों में संलिपित लोगों के घर पकड़ कर मामले मामले का खुलासा करते हुए वह लूटी गई वहीं पुलिस द्वारा गति दिवस चोरी गया आईफोन को भी मात्र 24 घंटे में की गई कार्रवाई के दौरान में माल सहित अभिव्यक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसआई दीवान सिंह बिष्ट प्रभारी चौकी दरऊ,उमेश सिंह,उमेद गिरी, कुलदीप सिंह आदि थे।



# रूद्रपुर की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। इस दौरान ठुकराल ने सीएम बंगलादेश में बंगाली भाईयों की रक्षा करने एवं उन्हें उत्पीड़न से बचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से भारत में नागरिकता दिलाये जाने, रूद्रपुर के बांधी पार्क पार्किंग स्थल बनाये जाने की योजना को निरस्त करने, रूद्रपुर में जलभराव व दूषित जल की निकासी हेतु आईआईटी रूड़की की टीम भेजकर योजना बनाने, रूद्रपुर के कलेक्ट्रेट के पीछे स्थित विशाल स्टेडियम को आधुनिक तकनीक से विकसित करने, रूद्रपुर जिला मुख्यालय में गौशाला का निर्माण करने, बस स्टेशन के सामने व काशीपुर बाईपास से उजाड़े गये समोसा मार्केट के दुकानदारों को भूमि देकर विस्थापित करने की मांग की। सीएम ने मांगों पर सहानुभूर्तिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।



# शिक्षक दिवस पर सेवा निवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर सकैनिया के शांति प्रसाद मॉडल जूनियर हाई स्कूल में भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। गदरपुर के निकटवर्ती ग्राम सकैनिया में शांति प्रसाद मॉडल जूनियर हाई स्कूल में भारत के प्रथम उप-राष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति व भारतीय संस्कृति के संवाहक प्रख्यात शिक्षाविद डॉ सर्व पल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिन के अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक आचार्य रामविलास द्वारा सेवानिवृत अध्यापको के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से की तत्पचात बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लगभग पंद्रह सेवानिवृत शिक्षकों को अंग वस्त्र शॉल और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया जिसमें सर्व श्री गिरजा किशोर राय, प्रभाकर तिवारी,रामविलास आचार्य, गुलाब राम गुप्ता, मोहनलाल अरोड़ा, रमेश चंद मौर्य,मुक्ता प्रसाद शर्मा,सुरेंद्र मोहन मिश्रा,अभिमन्यु सिंह, रियासत अली,टेक चंद्र कंबोज, बृजेश दुबे,राजेंद्र प्रसाद,किशन कंबोज,मंदिरका प्रसाद को सम्मानित किया गया इस दौरान डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक समाज को उनके आदर्शो का पालन करने की प्रेरणा का आवाहन किया गया ।वही सेवानिवृत्ति शिक्षकों की दीर्घायु की कामना की गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिनाथ विश्वास पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षकों की दीर्घायु की कामना की इस अवसर पर चंदन नयाल ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी गदरपुर सत्यजीत गुलाटी, बनवारी लाल,लल्लन गुप्ता,राम नेत यादव,आनंद कुमार, सुभाष चौहान, रामपाल सिंह,मोनू गुप्ता ,डॉक्टर मनोरंजन वैद्य,किशन कंबोज, बलिराम राम ठेकेदार,अरविंद त्रिपाठी, अरविंद आर्य, निक्कू कंबोज, राजेंद्र सिंह रणजीत सिंह, राजाराम ,सुभाष , रमेश चंद्र ,विश्वनाथ, भूपेंद्र सिंह ,आनंत कुमार, अमित, सोमल सिंह आदि उपस्थित रहे।



# सिडकुल की सड़कों में पसरा सन्नाटा,स्ट्रीट लाइट खराब

## सुरक्षित यातायात की पोल खोल रहे टूटे, टेढ़े मेढ़े विद्युत पोल

सितारगंज(उद संवाददाता)। औद्योगिक पार्क की सड़कों में विद्युत पोल टूटने से स्ट्रीट लाइटों की बत्ती गुल हैं। इस कारण सड़कों में अंधेरा छाया रहता है। जिस वजह से राहगीर, बाइक सवार, साइकिल सवारों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। जून माह में सितारगंज क्षेत्र की सड़कों में सड़क हादसों के आंकड़े 140 तक पहुंच गए थे। जिनमें सिडकुल मार्ग में हुए हादसे भी शामिल हैं। सुरक्षित यातायात के लिए औद्योगिक पार्क की सड़क सुरक्षित नही हैं। औद्योगिक पार्क की विभिन्न सड़कों में रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट और विद्युत पोल तो लगा रखे हैं लेकिन इन खंभों पर लगी लाइटों की बत्ती गुल हैं। काफी समय से स्कूल की सड़कों पर लगे विद्युत पोल टूटने के साथ ही टेढ़े मेढ़ें हो गए हैं। जो हादसों का भी सबब बन रहे हैं। इसके अलावा अधिकांश पोल में लगी लाइटें भी खराब हो गई है। जिस वजह से सिडकुल के बाहरी और आंतरिक मार्गों में रोशनी की कमी के कारण अंधेरा पसरा रहता हैं। सिडकुल के आंतरिक मार्गों के डिवाइडरों के ऊपर घास के जंगल उगे हुए हैं। जिनमें पालतू जानवरों के अलावा जंगली जानवरों के सड़क में विचरण करने से सड़क हादसों को बढ़ावा मिल रहा है। औद्योगिक पार्क की मुख्य सड़क से प्रतिदिन लगभग 20 हजार भारी और छोटे वाहनों का आवागमन रहता है। इसके कारण सिडकुल की आंतरिक सड़कों में भी लोडेड और छोटे वाहनों का दबाव बना रहता है। वाहनों के आवागमन के बाद भी सिडकुल की सड़कों में सुरक्षित यातायात को लेकर पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।



गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000